तापमान

अधिकतम 32.7 डिग्री

न्यूनतम 16.9 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

10 जिला अस्पताल में उपलब्धियों की मिसाल बने दो ...



10 विभाग बनाएंगे व्यवस्था, पार्किंग ...





## खबर संक्षेप

### रमजान का महीना शुरू मस्जिदों में विशेष नमाज



**जगदलपुर।** रमजान का पवित्र महीना शुरू हो गया है। इस महीने में मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखकर अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। सुबह की सेहरी के समय रोजे की शुरूआत की गई और शाम को इफ्तार के समय रोजा खोला गया। रमजान के महीने में 30 दिन रोजा रखकर इबादत की शुरूआज आज की गई। इस दौरान रात में तारवीह की विशेष नमाज अदा की जा रही है। शहर के सभी प्रमुख मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा हो रही है।

### आईगॉट कर्मयोगी प्रशिक्षण आज

**जगदलपुर।** सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार आईगॉट कर्मयोगी के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रशासनिक क्षमता निर्माण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 20 फरवरी को पूर्वाह्न 11: 30 बजे से 12:.30 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार जगदलपुर में बस्तर संभाग स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई है। कमिश्नर डोमन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण में राज्य स्तर से सुश्री अंजू सिंह अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन एवं नोडल अधिकारी आईगॉट कर्मयोगी द्वारा अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान आईगॉट प्लेटफॉर्म पर पंजीयन, कोर्स चयन, अनिवार्य एवं विभागीय पाठ्यक्रमों की जानकारी, प्रगति मॉनिटरिंग तथा क्षमता निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया जाएगा।

# जल प्रबंधन और स्वच्छता कार्यों का धरातल पर अवलोकन कर यूनिसेफ ने की सराहना

## ग्रामीण स्तर पर जल और स्वच्छता सेवाएं उपलब्ध हों, सतत और सुदृढ़ भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल और स्वच्छता के मानकों को बेहतर बनाने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण पहल देखी गई। यूनिसेफ की जल, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ सुश्री स्वेता पटनायक ने आड़ावाल ग्राम पंचायत का सघन भ्रमण कर ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली और स्वच्छता ढांचे का बारीकी से निरीक्षण किया। उनके इस प्रवास की शुरुआत समीक्षा बैठक से हुई, जिसमें सरपंच, उपसरपंच, स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक और श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट के प्रतिनिधियों सहित पंचायत की पूरी टीम ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान सुश्री पटनायक ने पंचायत के विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए इस बात पर विशेष जोर दिया कि ग्रामीण स्तर पर जल और स्वच्छता सेवाएं न केवल उपलब्ध होनी चाहिए, बल्कि वे सतत और सुदृढ़ भी हों। चर्चा के मुख्य केंद्र में घर-घर नल कनेक्शन की स्थिति और फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से नियमित जल गुणवत्ता परीक्षण जैसे तकनीकी विषय रहे। साथ ही उन्होंने पंचायत की वित्तीय आत्मनिर्भरता के लिए जल एवं स्वच्छता कर की वसूली स्थिति की समीक्षा की। इस पूरी प्रक्रिया में स्वच्छता ग्राहियों, पंप ऑपरेटरों तथा जल वाहिनी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी को सराहा।

### घर- घर जाकर विशेषज्ञ ने जलापूर्ति की गुणवत्ता जांची

संवाद के पश्चात जमीनी हकीकत परखने के लिए सुश्री पटनायक ने समूचे क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कचरा प्रबंधन के लिए बनाए गए सेग्रीगेशन शेड का निरीक्षण किया और घर-घर जाकर नल कनेक्शनों के माध्यम से हो रही जलापूर्ति की गुणवत्ता देखी। कचरा संग्रहण की व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने स्थानीय टीम को स्वच्छता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।



### समन्वित प्रयासों के साथ काम करें: पटनायक

यूनिसेफ से आई विशेषज्ञ सुश्री पटनायक ने कहा कि पंचायत में स्थायी विकास तभी संभव है जब सभी हितधारक जागरूक रहकर समन्वित प्रयासों के साथ काम करें। जिससे भविष्य में ग्राम पंचायत आड़ावाल स्वच्छता और जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक आदर्श प्रस्तुत कर सके।



### जागरुकता का नया अध्याय: बेटी को 2100 और बेटे को 1100 रुपये का सम्मान,

# बेटी जन्म पर सम्मान की अनूठी पहल बिलौरी पंचायत बन गई प्रेरक मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आदिवासी बाहुल्य बस्तर की पहचान जहां अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के लिए रही है, वहीं अब यह क्षेत्र सामाजिक जागरुकता की नई मिसाल भी पेश कर रहा है। जिले की बिलौरी पंचायत ने "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" के नारे को धरातल पर उतारते हुए एक ऐसी पहल शुरू की है, जो पूरे बस्तर ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के लिए भी गौरव का विषय बन गई है। पंचायत की महिलाएं, सरपंच, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन मिलकर प्रत्येक नवजात शिशु के घर पहुंचती हैं। बेटी के जन्म पर 2100 रुपये और बेटे के जन्म पर 1100 रुपये की सम्मान राशि परिवार को भेंट की जाती है। यह कोई सरकारी योजना नहीं, बल्कि ग्राम की महिलाओं के आपसी सहयोग से संचालित जनभागीदारी की अनूठी पहल है।

इस दौरान नवजात का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है। परिवार को जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड समय पर बनवाने के लिए प्रेरित किया जाता है। वर्ष 2025 से अब तक 25 परिवारों को इस पहल से जोड़ा जा चुका है। सम्मान पाकर परिवारों के चेहरे पर खुशी और गर्व साफ झलकता है। समाज में जहां अब भी कई स्थानों पर बेटी जन्म को लेकर संकीर्ण सोच देखने को मिलती है, वहीं बस्तर का यह गांव सकारात्मक बदलाव का संदेश दे रहा है-बेटी है तो भविष्य है।





### ऐसे बदली बिलौरी पंचायत की सोच

बिलौरी पंचायत में नवजात के जन्म की सूचना मिलते ही पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन घर पहुंचती हैं। बेटी जन्म पर 2100 रुपये और बेटे पर 1100 रुपये सम्मान स्वरूप भेंट किए जाते हैं। परिवार के साथ "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" गीत गाकर सामाजिक संदेश दिया जाता है। नवजात का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है। तत्पश्चात जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनवाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाता है। वर्ष 2025 से अब तक 25 परिवारों तक यह पहल पहुंच चुकी है। आगे भी इसे निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया है।



### घर-घर पहुंचकर थमाए जा रहे नोटिस

# 4 करोड़ 77 लाख जलकर वसूलने बनी विशेष टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में जलकर बकाया और अवैध नल कनेक्शन के खिलाफ नगर निगम प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। 4 करोड़ 77 लाख रुपये के लंबित जलकर की वसूली के लिए 10 कर्मचारियों की विशेष टीम गठित कर दी गई है, जिसने 48 वार्डों में घर-घर जाकर जांच और नोटिस वितरण की कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम प्रशासन के अनुसार, ऐसे उपभोक्ताओं की पहचान की जा चुकी है जिन्होंने वर्षों से जलकर जमा नहीं किया है या अवैध रूप से नल कनेक्शन ले रखा है। टीम प्रतिदिन दो-दो वार्डों में निरीक्षण कर रही है। बकायेदारों को 7 दिनों के भीतर राशि जमा करने का अंतिम अवसर दिया जा रहा है। स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं करने पर 8वें दिन से नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी। बकाया राशि में सरकारी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़े रसूखदार भी शामिल हैं। निगम ने ऐसे बकायेदारों की सूची तैयार कर ली है और भुगतान नहीं होने की स्थिति में नाम सार्वजनिक करने की भी तैयारी है।



### जलप्रदाय सभापति का सख्त संदेश

नगर निगम के जलप्रदाय सभापति सुरेश गुप्ता ने शहर के समस्त जलकर बकायेदारों से निर्धारित तिथि के भीतर शुल्क जमा करने का आव्हान किया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जलकर जमा नहीं करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई के लिए प्रशासन से मार्गदर्शन लिया जाएगा। बकायेदार चाहे रसूखदार हो, किसी भी विभाग का विभाग प्रमुख, अधिकारी-कर्मचारी अथवा वर्षों से लंबित बकाया रखने वाला कोई भी वर्ग-सभी के लिए जलकर जमा करना अनिवार्य है। नियम सबके लिए समान हैं और वसूली अभियान में किसी को भी राहत नहीं दी जाएगी।

# विधायक देव ने पूजा-अर्चना कर विकास कार्य की रखी आधारशिला

## 4.81 करोड़ की लागत से विद्युत यांत्रिकी कर्मशाला से जिया डेरा रोड का होगा कायाकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के हृदय स्थल जगदलपुर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। शहर की व्यस्ततम सड़कों में से एक, विद्युत यांत्रिकी कर्मशाला से जिया डेरा गीदम रोड तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य का भव्य भूमिपूजन गुरुवार को किया गया। इस विकास कार्य की आधारशिला विधायक किरण देव ने अन्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ रखी। लगभग 1.47 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर शासन द्वारा 4 करोड़ 81 लाख रुपये की राशि व्यय की जाएगी। लंबे समय से स्थानीय नागरिकों और राहगीरों द्वारा इस मार्ग की सुदृढ़ीकरण की मांग की जा रही थी, जिसे ध्यान में रखते हुए अब इसे आधुनिक स्वरूप देने की तैयारी है। भूमिपूजन के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक देव ने कहा कि यह मार्ग शहर की जीवनरेखा के समान है और इसके चौड़ीकरण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्रवासियों को जाम और खराब सड़क की समस्या से स्थाई राहत मिलेगी।



### ये रहे मौजूद

इस गौरवपूर्ण अवसर पर बेबरज कारपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव, पूर्व महापौर सफीरा साहू, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, कलावती कसेर, त्रिवेणी रंधारी, श्वेता बघेल, पार्षद नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, कुबेर देवांगन, बंसती समरथ, नेहा ध्रुव, श्याम सुंदर बघेल, रोशन सिसोदिया सहित लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। इस निर्माण कार्य की शुरुआत से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

### प्रगति के कार्य अनवरत जारी

विधायक देव ने विकास की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के कुशल नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रगति के कार्य अनवरत जारी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता विकास के लाभ को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है और शहर में होने वाले सभी निर्माण कार्य सीधे तौर पर जनता की आवश्यकताओं और उनकी मांग के अनुरूप किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर ही पूर्ण किया जाए।

# मेकाज के लिथोट्रिप्सी मशीन कक्ष में महीनों से लगा ताला

## पथरी के आपरेशन को लेकर मरीजों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज में लिथोट्रिप्सी मशीन महीनों से खराब पड़ी है, जिससे पथरी के मरीजों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिना सर्जरी के पथरी तोड़ने वाली यह सुविधा बंद होने से मरीजों को निजी अस्पतालों में महंगी जांच और इलाज कराने पर मजबूर होना पड़ रहा है। किडनी स्टोन के मरीजों को अत्यधिक दर्द का सामना करना पड़ रहा है। मेकाज में इलाज न मिलने से मरीजों को बाहर निजी केंद्रों पर जाना पड़ता है, जो आर्थिक रूप से बोझ है। बताया जा रहा है कि लिथोट्रिप्सी एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें शॉक तरंगों का उपयोग करके शरीर के अंदर की पथरी को छोटे टुकड़ों ▶▶|शेष पेज 10 पर




### प्रभारी से करेंगे चर्चा

मेकाज के अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू ने इस संबंध में बताया कि लिथोट्रिप्सी मशीन ठीक है, कक्ष नहीं खोलने पर प्रभारी से चर्चा कर, मशीन को शुरू करेंगे, जिससे मरीजों का उपचार हो सके।

# उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, पावर सब स्टेशन की बढ़ाई गई क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग अंतर्गत सुकमा जिला मुख्यालय के मस्तानपारा सब स्टेशन में 3.15 एमवीए की जगह 5 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर लगाया गया है, जिससे 7 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। इस क्षमता वृद्धि से क्षेत्र में लो वोल्टेज और बार-बार बिजली ट्रिपिंग की समस्या समाप्त होगी और कृषि एवं घरेलू उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिलेगी। विद्युत कंपनी की ओर से गर्मी से पूर्व बिजली संसाधनों को बेहतर कराया जा रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि इस उपकेन्द्र से अब गांवों में बार-बार बिजली बंद और लो-समस्या से छुटकारा मिल गया है। उन्होंने बताया कि बिजली बंद होने से ग्रामीणों के साथ-साथ पढ़ाई कर रहे बच्चों को परेशानी होती थी। इस दौरान सुकमा संभाग के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव, एसटीएम संभाग के कार्यपालन अभियंता अमर भगत, सुकमा प्रोजेक्ट के सहायक अभियंता विनोद टंडन, उप संभाग के सहायक अभियंता कमलोचन कर्मा, सुकमा शहर एवं सुकमा ग्रामीण के कनिष्ठ अभियंता एवं सुकमा उपसंभाग के समस्त कर्मचारी शामिल रहे।

### मस्तानपारा 5 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर लगा, 7 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत



### लो वोल्टेज की समस्या दूर

विद्युत कंपनी सुकमा संभाग के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने बताया कि मस्तानपारा के सब स्टेशन में पहले से मौजूद ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाते थे। मौसम में लोड शेडिंग और लो वोल्टेज की समस्या होती थी, अब वोल्टेज और लोड सेडिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।

### हिंसा नहीं, त्याग और बलिदान हैं आदिवासी समाज की पहचान: सांसद कश्यप

# युवाओं को गुमराह करने की साजिश नहीं होगी सफल, अस्मिता से खिलवाड़ भी बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के वर्तमान परिदृश्य और आदिवासी युवाओं की दिशा को लेकर सांसद महेश कश्यप ने गंभीर और विस्तृत वक्तव्य जारी किया है। उन्होंने जगदलपुर में आयोजित भूमकाल स्मृति दिवस के दौरान हुई कुछ घटनाओं पर आपत्ति जताते हुए कहा कि क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से माओवादी कमांडर हिड़मा जैसे हिंसा के प्रतीकों को युवाओं का आदर्श बनाने की कोशिश की जा रही है। इसे उन्होंने बस्तर की गौरवशाली संस्कृति और शांतिप्रिय आदिवासी समाज के भविष्य के साथ खिलवाड़ करार दिया।



सांसद ने कहा कि बस्तर का इतिहास संघर्ष और बलिदान का रहा है, लेकिन यह संघर्ष सदैव न्याय और अपनी माटी की रक्षा के लिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि "जल-जंगल-ज़मीन" जैसे पवित्र नारों का दुरुपयोग कर आदिवासियों को भ्रमित किया गया और अब उसी की आड़ में हिंसा को महिमामंडित करने का प्रयास किया जा रहा है। उनके अनुसार माओवादी विचारधारा ने बस्तर को विकास की मुख्यधारा से दूर रखने, निर्दोष ग्रामीणों की जान लेने और प्राकृतिक संसाधनों की प्रगति को बाधित करने का काम किया है। सांसद महेश कश्यप ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि आदिवासी समाज की पहचान कभी भी बंदूक की ताकत से नहीं, बल्कि अपने वीर नायकों के त्याग और बलिदान से रही है। उन्होंने गुंडाधुर,डेबरीधुर और झाड़ा सिरहा जैसे क्रांतिकारियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन महानायकों ने विदेशी हुकूमत और अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया था, न कि निर्दोषों की हत्या की थी। उन्होंने कहा कि असली रोल मॉडल वे हैं जिन्होंने बस्तर की अस्मिता और देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इस संबंध में जारी वक्तव्य में सांसद महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर के युवाओं को सही इतिहास और सकारात्मक दिशा से जोड़ना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### जल-जंगल-ज़मीन जैसे नारों के दुरुपयोग पर चिंता

भूमकाल स्मृति दिवस के संदर्भ में हिंसा के प्रतीकों को आदर्श बनाने की कोशिश पर आपत्ति जताई गई,जल-जंगल-ज़मीन जैसे नारों के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की गई,माओवादी विचारधारा को बस्तर के विकास में बाधक बताया गया। वीर गुंडाधुर,डेबरीधुर और झाड़ा सिरहा को असली प्रेरणास्रोत बताया गया। युवाओं को सही इतिहास और सकारात्मक मार्गदर्शन से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

# जिला अस्पताल में उपलब्धियों की मिसाल बने दो चिकित्सकों को दी गई विदाई

## डॉ. हिमांशु एवं डॉ. धनराज सिंह के नेतृत्व व कार्यशैली को सबने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिला अस्पताल में बुधवार को दो चिकित्सकों डॉ. हिमांशु सिन्हा एवं डॉ. धनराज सिंह डड़सेना के अंतिम कार्य दिवस पर एक गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अस्पताल परिसर में डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें अस्पताल परिवार के सभी वर्गों के कर्मचारियों ने सहभागिता निभाई।

समारोह को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि दोनों चिकित्सकों ने अपने कार्यकाल की शुरुआत से ही असाधारण उपलब्धियां दर्ज कीं। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि उनके नेतृत्व एवं उपचार से भारत का तीसरा एवं छत्तीसगढ़ का पहला क्यूटेनियस नोकार्डिया संक्रमण का सफल प्रबंधन उपचार हुआ। साथ ही एक मिलियन में एक माने जाने वाले दुर्लभ इंसुलिनोमा केस का सफल उपचार, कार्डियक अरेस्ट मरीज को पुनर्जीवित करना, डायलिसिस सेवाओं में 91 प्रतिशत की वृद्धि तथा अनेक जटिल आपातकालीन मामलों का सफल उपचार उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों में शामिल रहा। नर्सिंग स्टाफ ने अपने वक्तव्य में कहा कि दोनों डॉक्टरों के समर्पण एवं नेतृत्व के कारण अस्पताल की रेफरल दर घटकर मात्र 3 प्रतिशत हो गई, जो जिला स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि है। साथ ही जिला अस्पताल को कई महत्वपूर्ण गुणवत्ता प्रमाणन दिलाने में उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। कार्यक्रम के अंत में सिविल सर्जन सहित समस्त चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं कर्मचारियों ने दोनों डॉक्टरों को औपचारिक विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### स्नेह, सम्मान व सहयोग हमेशा याद रहेगा

अपने संबोधन में डॉ. हिमांशु सिन्हा एवं डॉ. धनराज सिंह दरसेना भावुक हो उठे। उन्होंने जिला अस्पताल नारायणपुर परिवार के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों में उन्हें जो सम्मान, स्नेह, मार्गदर्शन और सहयोग मिला, वह जीवन भर अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने पूरी टीम को एक समर्पित एवं उत्कृष्ट परिवार बताते हुए कहा कि यहां की सीख और अनुभव उनकी आगामी सेवा यात्रा में सदैव प्रेरणा स्रोत रहेंगे।



### विशेष कार्य के लिए सम्मानित किए गए

यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में स्वास्थ्य विभाग में उत्कृष्ट कार्य हेतु दोनों चिकित्सकों को सिविल सर्जन, जिला अस्पताल नारायणपुर द्वारा सम्मानित किया गया था। इसके अतिरिक्त 26 जनवरी को जिला प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में माननीय सांसद श्री महेश कश्यप जी के करकमलों से भी उन्हें सम्मान प्राप्त हुआ।

तैयारी : वार्षिक मेला लगेगा 9 मार्च को, नपं और मेला समिति की बैठक

# विभाग बनाएंगे व्यवस्था, पार्किंग सहित सुरक्षा के संबंध में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लॉक मुख्यालय के वार्षिक मेला को लेकर नगर पंचायत के सभा कक्ष में बुधवार को एसडीएम फरसगांव अश्वन कुमार पुसाम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर पंचायत, मेला समिति सदस्य और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी की उपस्थिति में आगामी 9 मार्च को फरसगांव का वार्षिक मेले के आयोजन करने के सम्बन्ध में चर्चा की गई। साथ ही मेले के लिए सभी आवश्यक तैयारियों के संबंध में चर्चा किया गया। जनपद पंचायत फरसगांव, नगर पंचायत फरसगांव, पुलिस थाना, विद्युत विभाग आदि को आवश्यक व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान नगर पंचायत फरसगांव अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, तहसीलदार , सीएमओ, पार्षद , वरिष्ठजन, विभिन्न विभागों के अधिकारी गण, शीतला समिति के पदाधिकारी, गायता पुजारी उपस्थित थे।




### चौक चौराहों पर होगी सुरक्षा व्यवस्था

ब्लॉक मुख्यालय का मेला क्षेत्र का सबसे बड़ा मेला है इसमें सभी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मेला देखने पहुँचते है, नेशनल हाइवे रांधना रोड से मेला लगना शुरु होता है जो गायत्री मंदिर तक पहुँचता है. मेला शुरु होने से लेकर अंतिम दिन तक नगर में भीड़ भाड़ का माहौल रहता है, नेशनल हाइवे में अस्पताल चौक से लेकर बड़ेडोंगर चौक तक बहुत भीड़भाड़ होता है जिससे हादसे की आशंका बना रहता है, दुर्घटना न हो जिसके लिए पुलिस को खासा मशक्कत करना पड़ता है. यातायात और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी चौक चौराहों पर पुलिस के जवान तैनात होंगे।

### चार जगह होगी पार्किंग व्यवस्था

मेला समिति बैठक में निर्णय लिया गया की मेला देखने के लिए बाहर से आने वाले लोगों के वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था की जाएगी। बड़ेडोंगर क्षेत्र और केशकाल क्षेत्र से आने वालो के लिए स्टेडियम मैदान और रविघोष प्लाट को पार्किंग स्थल बनाया गया। कोंडागांव की ओर से आने वाली गाड़ियों के लिए कॉलेज मैदान और जनपद स्कूल मैदान में पार्किंग व्यवस्था होगी. माकड़ी को ओर से आने वाली गाड़ियों को हाई स्कूल मैदान में पार्किंग करना होगा.

### दर्शकों के लिए चलित शौचालय की होगी व्यवस्था

अक्सर देखने को मिलता है की मेला देखने आए दर्शकों को शौचालय के लिए परेशानी उठनी पढ़ती है, दर्शकों की इन्ही समस्या को देखते हुए नगर पंचायत और मेला समिति ने यह भी फैसला लिया है की बाहर से मेला देखने आने वालों के लिए चार चालित शौचालय की व्यवस्था किया जाएगा, ताकि किसी को शौचालय के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

# ग्रामीणों को मिलेगा 125 दिनों का स्थानीय रोजगार : टेकाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनपद पंचायत केशकाल अंतर्गत ग्राम पंचायत खालेमुरवेण्ड खुटापारा में ग्राम पंचायत स्तरी विकसित भारत – गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन–ग्रामीण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।


कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक श्री टेकाम ने बताया कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर 125 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत कौशल आधारित कार्यों को बढ़ावा दिया जाएगा तथा महिला सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इससे ग्रामीणों को अपने गांव में ही रोजगार मिलेगा और पलायन की समस्या में कमी आएगी। विधायक ने कहा कि यह योजना आत्मनिर्भर, पारदर्शी एवं समावेशी ग्राम विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे गांवों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

**ग्रामीणों की रही सक्रिय भागीदारी :** कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच निर्मल कुमार मण्डावी, जनपद सदस्य रामचरित मण्डावी, ग्राम के गायता, पटेल, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, मनरेगा श्रमिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विकासखंड अंतर्गत बोरगांव में स्तिथ मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बुधवार की शाम वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकण्ठ टेकाम शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदलपुर के आये हुए जोसेफ कोल्लमपरम्बिल ने की, वही विशिष्ठ अतिथि के रूप में जगदलपुर से आये हुए शैक्षिक सचिव फादर मनीष एंथोनी शामिल हुए । कार्यक्रम में स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों सहित छात्र छात्राओं द्वारा शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस समारोह में विभिन्न उत्कृष्ट प्रदर्शनों के माध्यम से समग्र शिक्षा के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को उजागर किया गया। शैक्षणिक उपलब्धियों, खेल और कला में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण को मान्यता देते हुए स्मृति चिन्ह व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह के दौरान फरसगांव एबीईओ उदित सोनी, बोरगांव स्कूल में प्रिंसिपल फिलिप अब्राहम सहित शिक्षक शिक्षकाये सहित बड़ी संख्या में पालकगण और ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।



# भाजयुमो के नवयुक्त जिलाध्यक्ष परमानंद नाग का स्वागत, युवाओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवयुक्त जिलाध्यक्ष परमानंद नानू नाग के स्वागत के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित किया। नगर में उत्साह, ऊर्जा और जोश का वातावरण देखने को मिला। युवा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ अपने नए जिलाध्यक्ष का अभिनंदन करते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त भाजयुमो जिला महामंत्रीद्वय दीपेंद्र भोयर एवं बिस्सु दत्ता का भी आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

स्वागत कार्यक्रम की शुरुआत एडका चौक स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना एवं दर्शन से हुई, जहां परमानंद (नानु) नाग ने भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात अटल परिसर में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कोटगुड़िन मंदिर, मावली मंदिर, शीतला मंदिर एवं हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने फटाखे फोड़कर तथा मोटरसाइकिल रैली निकालकर अपने नवयुक्त जिलाध्यक्ष एवं महामंत्रीद्वय का स्वागत किया, जिससे पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर भी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने परमानंद का आत्मीय स्वागत किया। अपने संबोधन में नवयुक्त जिलाध्यक्ष परमानंद (नानु) नाग ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा मोर्चा संगठन की सबसे सशक्त और ऊर्जावान शक्ति है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवाओं के सहयोग, समर्पण और सक्रिय भागीदारी से संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा तथा समाज एवं क्षेत्र के विकास हेतु मिलकर कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सुस्पष्ट प्रिंटरीच वातावरण से प्राथमिक शिक्षा को मिल रहा नया आयाम, नवाचारी पहल बनी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सोनाबाल संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा में नवाचारी शिक्षक एवं प्रधान अध्यापक हितेंद्र कुमार श्रीवास द्वारा प्रिंटरीच वातावरण निर्माण की अनूठी पहल की जा रही है। विद्यालय स्थापना वर्ष 1984 में पिछले कई वर्षों से इस नवाचार को प्राथमिक शिक्षा में प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।

विद्यालय परिसर को शैक्षणिक प्रिंट सामग्री से सुसज्जित करने के कारण विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रतिशत में वृद्धि हुई है। साथ ही बच्चों की सीखने में रुचि, शैक्षणिक गुणवत्ता और सहभागिता में भी उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा निरंतर प्रिंटरीच वातावरण का उन्नयन किया जा रहा है।

विद्यालय के कक्षा कक्षों के साथ–साथ बाहरी परिसर में भी प्रिंटरीच सामग्री तैयार की गई है, जिससे बच्चे हर समय सीखने के अवसर से जुड़े रहते हैं। लघु अवकाश और दीर्घ अवकाश के दौरान भी विद्यार्थी इन शिक्षण सामग्रियों के माध्यम से खेल–खेल में सीखने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हैं। यह तकनीक बाल सुलभ और बाल सहज शिक्षण की श्रेणी में आती है, जो बच्चों को बिना दबाव के सीखने के लिए प्रेरित करती है। प्रिंटरीच वातावरण से शिक्षा को रोचक बनाने के साथ–साथ विद्यार्थियों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास में भी वृद्धि हो रही है। शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा, सोनाबाल के बाह्य परिसर सहित प्रिंटरीच वातावरण निर्माण कार्य निरंतर जारी है, जो जिले में प्राथमिक शिक्षा के लिए प्रेरणादायी मॉडल बनता जा रहा है।





# कोंडागांव जिले में बनेगा मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

देश की नामी संस्था मोरल ग्रुप ऑफ कम्पनीज बस्तर संभाग के कोंडागांव जिले में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना की दिशा में आगे बढ़ रही है। संस्था द्वारा रियल हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत पूरे देश में 108 अस्पताल स्थापित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।

मोरल ग्रुप ऑफ कम्पनीज मिशन "अमर" के तहत संस्था द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से अस्पतालों का निर्माण किया जा रहा है। बीते कुछ महीनों में देश के विभिन्न स्थानों पर 5 अस्पतालों का भूमिपूजन भी किया जा चुका है। इसी कड़ी में बस्तर संभाग के कोंडागांव जिले को चिन्हांकित किया गया है, जहां शीघ्र ही भूमिपूजन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। इससे जिले सहित आसपास के क्षेत्रें के नागरिकों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विगत 14 फरवरी को मोरल ग्रुप ऑफ कम्पनीज के सौजन्य से कोंडागांव के ऑडिटोरियम हॉल में मोरल उत्कर्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सैकड़ों मोरल परिवारजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय कुमार शर्मा रहे।

### ओपीडी निःशुल्क बस सेवा भी रहेगी मुफ्त

प्रस्तावित हॉस्पिटल में क्षेत्रवासियों के लिए ओपीडी सेवाएं निःशुल्क रहेंगी। वहीं ऐप आधारित प्रणाली के माध्यम से 10 से 40 प्रतिशत तक उपचार शुल्क में छूट की पात्रता भी होगी। हॉस्पिटल से 20 किलोमीटर की परिधि में आने–जाने के लिए निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे मरीज सुबह अस्पताल आकर इलाज करा सकेंगे और शाम को घर लौट सकेंगे। हॉस्पिटल के संचालन से सैकड़ों स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इससे बस्तर क्षेत्र की बेरोजगारी, आर्थिक स्थिति और स्वावलंबन को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप



### दिव्यांग हितग्राही को मिली मोटराइज्ड ट्राइसिकल

**कोण्डागांव।** शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत दिव्यांगजनों को आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को कोंडागांव के सरगीपाल निवासी दिव्यांग हितग्राही अबूजर अली को मोटराइज्ड ट्राइसिकल प्रदाय की गई। अबूजर अली जन्म से दिव्यांग हैं तथा वर्तमान में बस टिकट एजेंट के रूप में कार्य कर रहे हैं। शारीरिक असुविधा के कारण उन्हें दैनिक आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जिससे उनके कार्य संचालन में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी। मोटराइज्ड ट्राइसिकल प्राप्त होने से अब उनके आवागमन में काफी सहूलियत होगी। इससे वे अपने बस एजेंट के कार्य को अधिक सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित कर सकेंगे। ट्राइसिकल मिलने पर हितग्राही अबूजर अली ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह सहायता उनके लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा सहारा साबित होगी।

### 71 निर्माण एवं असंगठित श्रमिकों का हुआ पंजीयन



**कोण्डागांव।** जिले में निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों के पंजीयन, नवीनीकरण एवं विभागीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत पुसावंड में मोबाइल पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला कोण्डागांव द्वारा किया गया। शिविर में कुल 71 श्रमिकों का सफलतापूर्वक पंजीयन किया गया, जिससे उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। शिविर में उपस्थित श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इनमें नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल रहीं। अधिकारियों ने श्रमिकों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की, ताकि वे सामाजिक सुरक्षा एवं आर्थिक सहायता योजनाओं से जुड़कर अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित कर सकें।

### भाजपा युवा मोर्चा में देवेंद्र और सुरेंद्र बनाए गए मंडल अध्यक्ष



फरसगांव। भारतीय जनता युवा मोर्चा में संगठनात्मक विस्तार के तहत कोण्डागांव जिले में नए चेहरों और कर्मठ कार्यकर्ताओ को बडी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिनका उद्देश्य संगठन को और अधिक सशक्त बनाना है। भारतीय जनता पार्टी के युवा संगठन भारतीय जनता युवा मोर्चा ने फरसगांव मंडल के लिए देवेंद्र निषाद और बड़ेडोंगर मंडल के लिए सुरेंद्र बघेल को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। फरसगांव मण्डल से युवा मोर्चा के नए अध्यक्ष के रूप में देवेंद्र निषाद को और बड़ेडोगर मंडल से सुरेंद्र बघेल को नया मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## पेज 9 के शेष

### मेकाज के लिथोट्रिप्सी..

में तोड़ दिया जाता है, जिससे वे आसानी से निकल सकें। इस सेवा के बंद रहने से मरीजों को सर्जरी या अन्य महंगे विकल्पों की आवश्यकता पड़ रही है। मेकाज में रोज लगभग 15 मरीजों को इलाज कराने के लिए बाहर जाना पड़ रहा है, इस पर मेकाज का प्रबंधन का ध्यान नहीं है।

## खबर संक्षेप

### भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री बने गौरव



**गीदम।** छात्र जीवन से ही छात्रहितों की लड़ाई में सक्रिय रहे युवा चेहरा गौरव भवानी को भारतीय जनता युवा मोर्चा में जिला मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। गौरव भवानी लंबे समय से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे हैं और महाविद्यालय परिसर में प्रवेश परीक्षा परिणाम सहित छात्र छात्राओं की समस्याओं को लेकर मुखर आवाज उठाते रहे हैं। छात्रहितों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संगठनात्मक क्षमता एवं सक्रिय नेतृत्व को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई है। जिला मंत्री बनाए जाने पर गौरव भवानी ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने किरण सिंह देव प्रदेश अध्यक्ष चैतराम अटामी क्षेत्रीय विधायक संतोष गुप्ता भाजपा जिला अध्यक्ष एवं राहुल असरानी जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया। गौरव भवानी ने कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे तथा युवाओं और छात्रों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के सहयोग से दंतेवाड़ा जिले में युवाओं के हितों के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

### कैंसर मुक्त भारत पर हुई जागरूकता कार्यशाला



**गीदम।** जिले के बारसूर में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दो दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बारसूर में आयोजित हुई, जहां स्टॉप कैंसर मिशन मल्टीपर्पस सोसाइटी नागपुरकी काउंसलर शिल्पा चौधरी ने शिक्षकों को कैंसर से बचाव और शुरुआती पहचान को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी।
कार्यशाला में संकुल केंद्र बारसूर, मुचनार और उपेट के शासकीय एवं निजी विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान पुरुषों में मुख, फेफड़े और पाचन तंत्र के कैंसर, महिलाओं में गर्भाशय और स्तन कैंसर, तथा बच्चों में ब्लड कैंसर के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने कहा कि समय पर जांच, सही जीवनशैली और जागरूकता से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव है। ऐसी कार्यशालाएं बारसूर सहित पूरे बस्तर संभाग में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही हैं।

# इंद्रावती के तट पर रोमांच, विश्वास और बदलाव की नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

▪ मट्टीमरका में रिवर एडवेंचर फेस्ट





जिले के मट्टी मड़का में आयोजित रिवर एडवेंचर फेस्ट केवल एक साहसिक खेल आयोजन नहीं, बल्कि बदलते बस्तर की नई तस्वीर और उम्मीदों का जीवंत उत्सव बनकर सामने आया। जिला प्रशासन की पहल पर इंद्रावती नदी के रेतीले तटों पर सजा यह आयोजन दूरस्थ आदिवासी गांवों के बच्चों और युवाओं के लिए यादगार अनुभव साबित हुआ। कभी भय और अलगाव की छाया में रहे इस अंचल में अब उत्साह, आत्मविश्वास और रोमांच की नई रोशनी दिखाई दे रही है। मुख्यधारा से जुड़ने की दिशा में यह आयोजन युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। फेस्ट में जिपलाइन, बंजी जंपिंग, जुमरिंग, पैराग्लाइडिंग, रॉक क्लाइंबिंग, एटीवी राइड, तीरंदाजी, बीच वॉलीबॉल और रिवर कैंपिंग जैसी गतिविधियों ने प्रतिभागियों को रोमांच का अनूठा अनुभव कराया। रात में स्टार गेजिंग और दिन में स्थानीय बस्तरिया व्यंजनों का स्वाद इस आयोजन को और भी खास बना गया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में साहसिक खेलों के प्रति रुचि विकसित करना, पर्यटन को बढ़ावा देना और अंदरूनी गांवों के बच्चों को नए अवसरों से जोड़ना रहा। बड़ी संख्या में आदिवासी बच्चों की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि अवसर मिलने पर वे भी नए सपनों को साकार करने की क्षमता रखते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिला प्रशासन और कलेक्टर संबित मिश्रा के प्रयासों से संभव हुए। इस आयोजन में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे सहित वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने स्वयं बच्चों के साथ जिपलाइन का आनंद लिया। जिससे बच्चों का उत्साह दोगुना हो गया। कलेक्टर, सीईओ और जिला प्रशासन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने प्रतिभागियों के साथ बैठकर भोजन भी किया, जिसने प्रशासन और आमजन के बीच आत्मीयता और विश्वास का संदेश दिया। मट्टी मड़का बीजापुर में आयोजित यह रिवर एडवेंचर फेस्ट केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि विश्वास, विकास और बदलते बस्तर की नई पहचान बनकर उभरा है। जहां अब डर नहीं, बल्कि सपनों की उड़ान दिखाई दे रही है।

## सिविक एक्शन व चिकित्सा शिविर से 750 ग्रामीण हुए लाभान्वित

# डब्बाकोंटा क्षेत्र में आशा व विश्वास की नई किरण जागृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा





बीते पांच दशक से नक्सल समस्या एवं विकास स्वास्थ्य सुविधाओं एवं भय व्याप्त के साथ जीवन यापन करने वाले ग्रामीणों में अब आशा एवं विश्वास की नई किरण जागृत हो चली है।

नक्सल भय से कोंटा विकासखंड के दर्जनों गांवों में जन कल्याणकारी कार्यक्रमों तथा शासन-प्रशासन के द्वारा दिए जा रहे लाभ से वंचित हो रहे ग्रामीण

▪ पेंटापाड़, एंटापाड़, डब्बाकोंटा, इतराजपाड़ व तुमलपाड़ गांवों के ग्रामीण शिविर में पहुंचे

अब सुरक्षा बलों एवं शासन के प्रति विश्वास सुदृढ़ कर हर कार्यक्रमों में भाग लेकर लाभ उठा रहे है।

आज सीआरपीएफ के 50वीं बटालियन के सीडी कंपनी के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम और ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका लाभ लेने पेंटापाड़, एंटापाड़, डब्बाकोंटा, इतराजपाड़ एवं तुमलपाड़ गांवों के तकरीबन 750 के आस-पास ग्रामीण पहुँचे। छत्तीसगढ़ सेक्टर के सीआरपीएफ महानिरीक्षक तथा कोंटा रेंज के उप महानिरीक्षक के दिशानिर्देश एवं कमांडेंट प्रेमजीत कुमार 50वीं वाहिनी की उपस्थिति में सम्पन्न कार्यक्रम में ग्रामीणों को साड़ी, छाता, कंबल, खेल सामग्री क्रिकेट किट, वॉलीबॉल एवं नेट, फुटबॉल घरेलू उपयोग की सामग्री तथा मलेरिया से बचाव हेतु मच्छरदानी सहित दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली अति आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। जिससे लगभग 750 ग्रामीण लाभान्वित हुए।

**दवाइयों का वितरण व कराया भोजन**

आयोजित मेडिकल कैंप में बिनोद कुमार टोप्पो मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नितेश कुमार सिंह चिकित्सा अधिकारी 50वीं वाहिनी द्वारा ग्रामीणों के सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप बीपी जांच, रक्त शर्करा शुगर, मलेरिया, त्वचा रोग जांच, महिला एवं बाल स्वास्थ्य परीक्षण तथा वृद्धजनों के स्वास्थ्य परीक्षण सहित विभिन्न प्रकार की चिकित्सीय जांच की गई और आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों एवं बचाव उपायों की भी जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित ग्रामीणों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## रोमांच से भरपूर रहे मुकाबले

# अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खेले गए चार मैच



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन सुबह के सत्र में चार रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया। पहले मुकाबले में जबलपुर रेलवे ने अम्मा मार्केटिंग जबलपुर को कड़े संघर्ष के बाद पराजित कर जीत अपने नाम की। मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन स्मैश और मजबूत डिफेंस का प्रदर्शन किया।

दूसरे मुकाबले में पुणे की टीम ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल दिखाते हुए बीजापुर स्पोर्ट्स अकैडमी को हराकर जीत दर्ज की। वहीं तीसरे प्रमुख मुकाबले में सीजी पुलिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश की टीम को मात दी। पूरे मैच के दौरान दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के दूसरे दिन शाम के सत्र में कुल 10 मैच खेले जाएंगे, जिससे खेल प्रेमियों को और भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

प्रतियोगिता में देशभर की टीमों की भागीदारी से आयोजन का स्तर काफी ऊँचा नजर आ रहा है और दर्शकों की भारी उपस्थिति से खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ रहा है। उक्त प्रतियोगिता में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा विशेष रूप से उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

# दसवीं के भैया बहनों ने अपने विद्यालय जीवन के अनुभव को सबके बीच बांटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में कक्षा दसवीं का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व छात्र आशीष

▪ सरस्वती शिशु मंदिर में दसवीं के भैया बहनों को दी गई विदाई

शुक्ला, गौरव सुराना व विकेश सुराना उपस्थित रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओंम व भारत माता के छायाचित्र की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन के साथ किया। कक्षा नवम के भैया बहनो अतिथियों का स्वागत तिलक वंदन पुष्प गुच्छ श्रीफल द्वारा किया। अपने उद्बोधन में अतिथि पूर्व छात्रों ने अपनी पुरानी यादों को भैया बहनों के सामने रखा। उन्होंने भैया बहनों से कहा कि शिशु मंदिर संस्कारधानी के रूप में जाना जाता है यहां जो हमें संस्कार अनुशासन और शिक्षा मिली है उसे हम जीवन भर याद रखेंगे। शिशु मंदिर से मिला संस्कार हर जगह हमें नेतृत्व करने में काम करने में आता है हमें कहीं पर भी कठिनाई नहीं होती। हम सदैव अपनी संस्था से जुड़े रहेंगे और विद्यालय के गौरव को बढ़ाते रहेंगे। इसके पश्चात कक्षा दसवीं के भैया बहनों ने अपने 12 वर्षों का अनुभव छोटे भैया बहनों के साथ साझा किया और भैया बहनों ने विद्यालय में मिले संस्कार और अनुशासन को जीवन भर आत्मसात करने का संकल्प लिया। कक्षा नवम के भैया बहनों ने दसवीं के भैया बहनों का तिलक वंदन किया। विद्यालय की ओर से सभी भैया बहनों को प्रतीक चिन्ह के रूप में भेट दी गई।

आचार्य दीदियों ने भी दसवीं के भैया बहनों को आशीर्वाद देकर कहा कि आप सब सदैव आगे बढ़ते रहे व हमेशा संस्कार व अनुशासन का ध्यान रखें। दशम कक्षा की कक्षा शिक्षक श्रीमती बसंती नायक ने विद्यालय की संक्षिप्त जानकारी देते हुए दसवीं कक्षा के बच्चों को शुभाशीष दिया। वहीं श्रीमती हेमा कौमार्य दीदी ने भी बच्चों को कक्षा दसवीं के अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए प्रेरित किया।

**शिवाजी की जयंती भी मनाई गई**

इस दौरान विद्यालय में हिंदू सम्राट शिवाजी की जयंती भी मनाई गई। शिवाजी की छाया चित्र में दीप जलाकर शिवाजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। शिवाजी का जन्म 19 फरवरी 1830 को महाराष्ट्र में हुआ था। माता जीजाबाई ने देशभक्ति का पाठ पढ़ाया। जिसके बाद शिवाजी ने हिंदू राज्य की स्थापना कर आक्रांताओं के छक्के छुड़ा दिए जो इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए अमर हो गया।

# कुम्हाररास सरोवर, मुचनार, बारसूर में टूरिस्ट सर्किट होगा विकसित



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

दक्षिण बस्तर अपनी अद्वितीय प्राकृतिक छटा, सांस्कृतिक समृद्धि और ऐतिहासिक विरासत के लिए विशेष पहचान रखता है। घने वनों, सुरम्य पहाड़ियों, झरनों और शांत वातावरण से आच्छादित दंतेवाड़ा जिला पर्यटन की अपार संभावनाओं से भरपूर है। यहां स्थित विश्व प्रसिद्ध मां दंतेश्वरी मंदिर देशभर से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करता है। यह मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि बस्तर की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी है।

इसी प्रकार ऐतिहासिक नगरी बारसूर अपने प्राचीन मंदिरों, भव्य तालाबों और अद्भुत स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध है। इसे कभी मंदिरों की नगरी भी कहा जाता था। यहां के पुरातात्विक अवशेष और शिल्पकला आज भी क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास की गवाही देते हैं। प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक धरोहर का अनूठा संगम दंतेवाड़ा को पर्यटन के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान प्रदान करता है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने वन विभाग, पर्यटन विभाग, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा स्थानीय ग्रामीण अमले के साथ विभिन्न पर्यटन स्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम कुम्हाररास डेम, फरसपाल स्थित ढोलकल क्षेत्र, बारसूर के मुचनार परिसर, टूरिस्ट कॉटेज एवं जिप लाइन सहित अन्य प्रमुख स्थलों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिले के पर्यटन नक्शे पर कुम्हाररास डेम को प्रमुख आकर्षण के रूप में विकसित करने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष पहल की जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि डेम के आसपास एक समग्र पर्यटन सर्किट विकसित करने की योजना तैयार की गई है। इस योजना के अंतर्गत होमस्टे सुविधा, बोटिंग, आकर्षक कैंटीन, स्थानीय बांस एवं माटीकला आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी, सेल्फी प्वाइंट, नेचर ट्रेल तथा बच्चों के लिए मनोरंजन क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। इससे पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति, परंपरा और हस्तशिल्प का भी अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए दूरगामी सोच के रूप में जिले के अन्य पर्यटन क्षेत्रों में पर्यटन सुविधाओं को विकसित करना हमारा लक्ष्य रहेगा ताकि धार्मिक आस्था के साथ-साथ जिले की अनूठी कला संस्कृति के अलावा साहसिक पर्यटन से भी श्रद्धालु रूबरू होगें।

# रूपा पाणिग्राही को मिली भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता रूपा पाणिग्राही को संगठन ने उनके निरंतर परिश्रम, सक्रियता एवं निष्ठा को देखते हुए महिला मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनके इस मनोनयन से महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं एवं संगठन में उत्साह का वातावरण है। भारतीय जनता पार्टी का मूल आधार उसके समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्ता हैं, जो संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं।



रूपा पाणिग्राही लंबे समय से संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों, अभियानों एवं जनसंपर्क गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। महिलाओं को संगठित करने, सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने तथा सरकार की योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने में उनका विशेष योगदान रहा है। उनकी नियुक्ति पर किरण देव प्रदेश अध्यक्ष भाजपा, विभा अवस्थी प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा, विधायक चैतराम अटामी, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता तथा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पायल गुप्ता सहित भाजपा के वरिष्ठजनों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं और विश्वास जताया है कि वे संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगी।

**योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता**

नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रूपा पाणिग्राही ने इस दायित्व के लिए शीर्ष नेतृत्व एवं जिला संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के विश्वास पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा एवं प्रधानमंत्री और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। वे महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता एवं संगठन विस्तार को लेकर निरंतर कार्य करती रहेंगी। उन्होंने यह भी विश्वास दिलाया कि महिला मोर्चा की टीम भावना के साथ कार्य करते हुए वे जिले में संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाएंगी तथा आने वाले समय में पार्टी के कार्यक्रमों को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगी।

# स्वास्थ्य विभाग और बीजादूतीर स्वयंसेवकों की सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



विकासखंड भैरमगढ़ के ग्राम मंगलनार में मलेरिया मुक्त बीजापुर अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम और बीजादूतीर स्वयंसेवक मिलकर व्यापक स्तर पर मलेरिया जांच और जागरूकता गतिविधियां संचालित कर रहे हैं।

अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गांव में घर-घर जाकर मलेरिया की जांच की जा रही है। इस कार्य में बीजादूतीर स्वयंसेवक सक्रिय रूप से सहयोग करते हुए ग्रामीणों को जांच के लिए प्रेरित कर रहे हैं। स्वयंसेवकों की सहभागिता से ग्रामीणों में अभियान के प्रति विश्वास और उत्साह देखने को मिल रहा है। स्वयंसेवकों द्वारा समुदाय एवं बच्चों को मलेरिया से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी जा रही है। साफ-सफाई बनाए रखने, घर के आसपास पानी जमा न होने देने तथा नियमित रूप से मच्छरदानी के उपयोग के महत्व पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बच्चों को सरल भाषा में समझाया जा रहा है कि मच्छरों से बचाव ही मलेरिया से सुरक्षा का सबसे प्रभावी तरीका है। ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई है।

स्वास्थ्य विभाग और स्वयंसेवकों के संयुक्त प्रयास से बीजापुर जिले को मलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

स्वस्थ बीजापुर- सुरक्षित भविष्य के संकल्प के साथ यह अभियान निरंतर जारी है।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के क्लेम से परिवार को मिला आर्थिक सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



साधारण बीमा कराये जाने सभी परिवारों के लिए अनिवार्य हो चला है। इससे हितग्राही परिवार को आर्थिक सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा भी मिलती है जो परिवार का मानसिक सबंल के लिए पर्याप्त होती है। इस क्रम में जिले के ग्राम पंचायत धुरली की निवासी स्वर्गीय पार्वती मरकाम के निधन उपरांत उनके परिवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। योजना के अंतर्गत नामांकित हितग्राही भीमा मरकाम को 2 लाख रुपये की बीमा दावा राशि का चेक केनरा बैंक शाखा भांसी द्वारा प्रदाय किया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पोकलेन समेत 16 वाहन जब्त, अवैध उत्खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई





**जगदलपुर।** बस्तर जिले में अवैध उत्खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया गया। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार खनिज विभाग के जांच दल ने हाल ही में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण अभियान चलाया। जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर अवैध परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई है। इस अभियान का नेतृत्व खनिज अधिकारी शिखर चेरपा ने किया। जिसमें खनिज जांच दल ने पिछले 9 दिनों में 10 से 18 फरवरी तक छापेमारी कर 16 वाहनों को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार इस कार्रवाई के दौरान रेत, चूना पत्थर और मिट्टी से निर्मित ईंट का अवैध रूप से परिवहन कर रहे ट्रैक्टर, हाइवा और टिप्परों को पकड़ा गया। जब्त किए गए वाहनों में ग्राम कंगोली, परपा, बालेंगा, लालबाग और पल्लीनाका जैसे क्षेत्रों से गुजर रहे वाहन शामिल हैं। विशेष रूप से मूतनपाल क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए एक चेन माउंटेड पोकलेन मशीन को भी जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया है। सभी 16 प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 और खान एवं खनिज (विकास तथा विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की। जांच टीम में सहायक खनिज अधिकारी जागृत गायकवाड़, सिपाही डिकेश्वर खरे सहित नगर सैनिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बस्तर की लोक कलाएं एवं संस्कृति पुस्तक का विमोचन आज

**जगदलपुर।** बस्तर की समृद्ध लोक परंपराओं, जनजातीय कला और सांस्कृतिक वैभव को राष्ट्रीय पटल पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में 21 फरवरी को राजधानी रायपुर में एक महत्वपूर्ण आयोजन होने जा रहा है। शांति नगर स्थित विमतारा सभागार में रुद्र नारायण पाणिग्राही द्वारा लिखित पुस्तक "बस्तर की लोक कलाएं एवं संस्कृति" का विधिवत विमोचन किया जाएगा। यह कृति बस्तर की पारंपरिक लोक कलाओं, रीति-रिवाजों, उत्सवों, जनजातीय जीवन शैली और सांस्कृतिक विरासत का विस्तृत व शोधपरक दस्तावेज प्रस्तुत करती है। पुस्तक पाठकों को बस्तर की गहन सांस्कृतिक आत्मा से परिचित कराते हुए उसकी मौलिक पहचान को समझने का अवसर देगी।

# मोदी की गारंटी से संवर रहा बस्तर, अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के 'जन चौपाल' अभियान के अंतर्गत नगरनार के नकटी सेमरा एवं धुरगुड़ा शक्ति केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप ने क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद किया। पारंपरिक बस्तरिया वाद्ययंत्रों की गूंज के बीच हुए स्वागत के पश्चात उन्होंने कहा कि बस्तर का समग्र विकास और जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रदेश में स्वीकृत 18 लाख आवास गरीबों के सम्मान और आत्मविश्वास का प्रतीक हैं। प्रत्येक पंचायत में औसतन 300 मकानों के निर्माण से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं। 10 लाख से अधिक परिवारों का गृह प्रवेश इस बात का प्रमाण है कि 'मोदी की गारंटी' जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू हो रही है।

इसी क्रम में उन्होंने 'जी राम जी (जी राम जी) योजना 2025' को ग्रामीण विकास का क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि यह योजना अब 100 की बजाय 125 दिन के रोजगार की पक्की गारंटी देती है। बुवाई और कटाई के दौरान 60 दिन का 'नो-वर्क पीरियड' किसानों और मजदूरों दोनों के हित में है। 7 से 15 दिनों में भुगतान और देरी पर मुआवजा प्रावधान से पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। 1,51,282 करोड़ रुपये के बजट से यह योजना टिकाऊ ग्रामीण परिसंपत्तियों के निर्माण और आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री मनोज पटेल ने किया तथा आभार प्रदर्शन उप सरपंच गणेश नागवंशी ने किया।

**जन चौपाल में गूंजा विकास का संकल्प**



#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जगदलपुर जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य बिंदु साहू, जनपद सदस्य श्रीति शर्मा, प्रदेश पिछड़ा वर्ग कार्यसमिति सदस्य हरि साहू,भाजपा जिला मंत्री सुब्रतो विश्वाश, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सेठिया, उपाध्यक्ष सीमांचल दास, मंडल महामंत्री मनोज पटेल, द्वितीय महामंत्री राजेश शर्मा,नकटी सेमरा सरपंच पद्मिनी कश्यप,आड़ावाल सरपंच जयंती कश्यप, उप सरपंच गणेश नागवंशी,धुरगुड़ा सरपंच जयमनी कश्यप,तपन राय, रूपेश समरथ,संजय गुप्ता,रूपेश ठाकुर,सुकमन ठाकुर, विकास सिकदार,संगीता महाराणा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ भाजपा नेता, बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कैकागढ़ व हाटपदमूर शक्ति केन्द्र में जन संवाद, प्रदेश अध्यक्ष किरण ने सुनीं समस्याएं

# गूंजा विकसित भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे जन चौपाल कार्यक्रम के तहत गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। कैकागढ़ एवं हाटपदमूर शक्ति केन्द्र में आयोजित जन चौपाल को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का लक्ष्य

- केन्द्रीय बजट और 'वीबी जी राम जी योजना' को बताया ग्रामीण विकास का मजबूत आधार : किरण

भारत को शक्तिशाली, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति कर रहा है और वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। 'वीबी जी राम जी योजना' ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की महती योजना है, जिसके माध्यम से पंचायत स्तर पर विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने दो वर्षों में मोदी की गारंटी के अधिकांश वादे पूरे किए हैं। 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति, धान खरीदी 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से 3100 रुपये प्रति क्विंटल, 25.24 लाख किसानों को अंतर राशि, 'महतारी वंदन योजना' के तहत 70 लाख से अधिक माताओं को 1000 रुपये प्रतिमाह, तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपये पारिश्रमिक, भूमिहीन कृषकों को 10 हजार रुपये वार्षिक सहायता और मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा दर्शन जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य प्राथमिकता से पूरे हो रहे हैं। जन चौपाल में उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर समस्याएं सुनीं और त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। मंडल अध्यक्ष हरि राम मंडावी एवं मंडल प्रभारी सुब्रतो विश्वास ने भी संबोधित किया।

इस दौरान नानगुर मंडल अध्यक्ष हरिराम मंडावी, मंडल प्रभारी सुब्रतो विश्वास, शंकर ठाकुर, महामंत्री चंद्रकांत सेठिया, रैदूराम, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष निलाम्बर सेठिया, शिवलाल सेठिया, लखीधर बधेल, धरमू मंडावी, सतीश सेठिया, मनोहर तिवारी, मुरली सेठिया, सदाराम नाग, पीलाराम, बोड़की मंडावी, पार्वती शर्मा, प्रीतम नायक, चैतूराम, अमल,शांति बधेल, राजेश ओगले, उदय दुबे, नरेन्द्र पांडे, अमर गुप्ता, शांति बधेल, जयमोहन शर्मा, मानसाय सहित कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

#### योजनाओं की झलक विकास की क्रमबद्ध पहल

प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए, जिनमें से 10 लाख से अधिक परिवारों का गृह प्रवेश हो चुका है। किसानों के हित में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है तथा 25.24 लाख किसानों को 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की अंतर राशि दी जा रही है। 'महतारी वंदन योजना' के तहत 70 लाख से अधिक माताओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता मिल रही है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपये पारिश्रमिक,भूमिहीन कृषकों को 10 हजार रुपये वार्षिक सहायता तथा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा दर्शन योजना के माध्यम से आस्था और सामाजिक सरोकारों को भी सशक्त किया जा रहा है।

# भोण्ड एनीकट के जलद्वार पूर्णतः बंद बिना सूचना पानी छोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



जिला बस्तर अंतर्गत निर्मित समस्त एनीकट योजनाओं के संबंध में जल संसाधन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में सभी एनीकटों के जलद्वार 15 अक्टूबर 2025 से विभागीय नियमावली के अनुसार पूर्णतः बंद हैं । उन्हें खोलने पर प्रतिबंध प्रभावशील है। विभाग द्वारा किसी भी एनीकट योजना के जलद्वारों का परिचालन नहीं किया गया है और न ही जल छोड़े जाने संबंधी कोई कार्यवाही की गई है।

- 15 अक्टूबर 2025 से सभी एनीकटों का परिचालन प्रतिबंधित
- रबी सिंचाई में 80 हेक्टेयर क्षेत्र को मिल रहा लाभ, नवीनीकरण प्रस्ताव शासन को भेजा गया

भोण्ड एनीकट से संबंधित योजना की जल भराव क्षमता 2.25 मिलियन घन मीटर है। जो वर्तमान में शत-प्रतिशत भरी हुई है। योजना से रबी सीजन में 80 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का प्रावधान है। क्षेत्र के कृषक अपने स्वयं के साधनों से रबी फसल की सिंचाई हेतु जल का उपयोग कर रहे हैं। संरचना के नवीनीकरण, मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लिए 380.28 लाख रुपये का प्रस्ताव स्वीकृति के लिए शासन को प्रेषित किया गया है। विभाग द्वारा समस्त कार्य शासन के प्रचलित नियमों एवं प्रावधानों के अनुरूप तथा कृषकों एवं आमजन के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संपादित किए जाते हैं। किसी भी निर्णय से पूर्व संबंधित हितग्राहियों को सूचना प्रदान की जाती है। यह जानकारी जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता वेद पांडे ने कलेक्टर को प्रेषित की है।

# बस्तर के मास्टर एथलीटों ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




जबलपुर में 13 से 15 फरवरी तक भारतीय मास्टर्स एथलेटिक्स महासंघ द्वारा आयोजित 45वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएश के खिलाड़ियों ने 63 पदक जीतकर प्रदेश को 21 राज्यों में चौथा स्थान दिलाया। 20 स्वर्ण, 21 रजत और 22 कांस्य पदकों के साथ यह उपलब्धि न केवल राज्य बल्कि विशेष रूप से बस्तर अंचल के लिए गर्व का विषय है। इस सफलता में बस्तर जिला मास्टर्स एथलेटिक्स संघ के खिलाड़ियों का उल्लेखनीय योगदान रहा। ऊषा श्रीवास्तव (70+) ने तीन कांस्य,पद्मजा रानी (45+) ने एक कांस्य,जितेंद्र (30+) ने एक कांस्य तथा अशोक रावत नायडू (70+) ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक अर्जित किया। केआर चौहान (70+) ने अपने स्पर्धा वर्ग में पांचवां स्थान प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया। दल प्रबंधक अशोक रावत नायडू तथा दल प्रशिक्षक गुलाब नंद के कुशल मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया।

# महिंद्रा एण्ड महिंद्रा डीलर बीआर बालाजी पर संगीन आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



नगर के प्रतिष्ठित वाहन विक्रेता संस्थान बीआर बालाजी एलएलपी महिंद्रा एंड महिंद्रा डीलर पर गंभीर आरोप लगे हैं। दो वाहन मालिकों ने फर्म पर प्रताड़ित करने और वाहन हड़पने के आरोप लगाए हैं। वाहन मालिकों ने गुरूवार को आयोजित पत्रवार्ता में बीआर बालाजी एलएलपी पर गंभीर आरोप लगाए। सुकमा जिले के कोंटा निवासी मोहम्मद खलील खान ने बताया कि उन्होंने अपनी महेंद्रा बोलेरो जेडएलएक्स क्रमांक सीजी 18 एल 6878 को जून 2024 के प्रथम सप्ताह में मरम्मत हेतु बीआर बालाजी एलएलपी गीदम रोड पंडरीपानी जगदलपुर में छोड़ा था। मरम्मत अवधि के दौरान उन्होंने बीआर बालाजी एलएलपी में कार्यरत स्वर्णिम चौहान से कहा था कि यदि यह बोलेरो ठीक रेट में एक्सचेंज होगी तो वे एक्सचेंज करके नई स्कार्पियो लेना चाहता हैं। 10 जून 2024 को उनकी बोलेरो की मरम्मत का व्यय काटकर 4 लाख 17 हजार रुपए में एक्सचेंज अनुबंध तय हुआ तथा बोलेरो को आरूतेश ठाकुर ने हैंडओवर ले लिया। मोहम्मद खलील ने बताया कि कुछ समय बाद जब वे पैसों की व्यवस्था कर नई गाड़ी लेने बीआर बालाजी एलएलपी शोरूम गए, तो उन्हें नीरज तिवारी एक्सचेंज मैनेजर नीरज तिवारी ने बताया कि तुम्हारी गाड़ी हमारी संस्थान में नहीं आई है। शोरूम में कार्यरत कर्मचारी स्वर्णिम चौहाने जिसके माध्यम से एक्सचेंज की बात तय हुई थी उससे सम्पर्क करने पर उसने नीरज तिवारी को खलील के सामने बताया कि इनका वाहन संस्थान में एक्सचेंज में जमा हुआ है। तब नीरज तिवारी ने खलील को कुछ दिन बाद आने के लिए कहा। खलील 5-6 माह से लगातार बीआर बालाजी एलएलपी शोरूम के चक्कर काट रहे हैं कि उन्हें उनकी गाड़ी वापस मिल जाए या 4 लाख 17 हजार रू. मिल जाएं या एक्सचेंज में दूसरी गाड़ी मिल जाए, किन्तु बीआर बालाजी संस्थान के कर्मचारी एवं प्रबंधन उसे लगातार घुमा रहे हैं।

- वाहन हड़पने और पैसे न देने का लगाया आरोप

#### महिला ने भी लगाया आरोप

बीआर बालाजी एलएलपी महिंद्रा एण्ड महिंद्रा पर दंतेवाड़ा जिले के बड़े बचेली के वार्ड-3 निवासी श्रीमती बलविन्दर माकन ने भी संगीन आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि बीआर बालाजी वाले मुझसे गाड़ी लेकर कांकेर स्थित ताज मोटर वालों को मार्च 2025 में बेच चुके है उसका ताज मोटर वालों से पैसा भी बीआर बालाजी वाले अपने खाते में ले चुके है। इन्होंने अपने स्टेटमेंट में गलत तरीके से पैसा दर्शाया है। बीआर बालाजी के मालिक राजीव कपूर व उनके पुत्र तुषार कपूर, कम्पनी के प्रबंधक आशीष तिवारी, नीरज तिवारी एवं सर्विस मैनेजर देवव्रत द्वारा मुझे लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा है।

# पढ़ाई के साथ-साथ खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के नानगुर मंडल अंतर्गत ग्राम कैकाचेरबहार (बेंगलुर) में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला उत्साह और रोमांच के बीच संपन्न हुआ। समापन अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

- कैकाचेरबहार में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक समापन
- विजेता-उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

उन्होंने कहा कि खेल का जीवन में विशेष महत्व होता है। खेल न केवल शारीरिक स्फूर्ति प्रदान करता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करता है। पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। फाइनल मुकाबले में कलचा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तुरेनार की टीम को पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। अतिथियों ने दोनों टीमों को बधाई देते हुए खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव सहित मंडल अध्यक्ष हरिराम मंडावी,सुब्रतो विश्वास, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष निलाम्बर सेठिया,चंद्रकांत सेठिया,सतीश सेठिया, धरमू मंडावी,सरपंच जमन्ती नाग,उप सरपंच राजकुमार एवं आयोजन समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

ग्राम कैकाचेरबहार में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन हुआ, फाइनल मुकाबले में कलचा ने तुरेनार को हराकर खिताब जीता, विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया, खिलाड़ियों की अनुशासन और खेल भावना की सराहना की गई,तथा क्षेत्र में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का संकल्प दोहराया गया।




# मोदी के नेतृत्व में योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक : पांडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी जगदलपुर शहर पूर्वी मंडल द्वारा वार्ड स्तर पर जन चौपाल अभियान के अंतर्गत स्व. बलिराम कश्यप शक्ति केंद्र, मंगल भवन (बलिराम कश्यप वार्ड) में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- महिला सशक्तिकरण और भरोसे की राजनीति पर जोर : अविनाश

मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता शिव नारायण पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अब बस्तर अंचल तक प्रभावी रूप से पहुंच रहा है। जो क्षेत्र कभी विकास से दूर माना जाता था, वहां आज सड़क,बिजली और मोबाइल कनेक्टिविटी का विस्तार हुआ है तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी विकास की रोशनी पहुंची है।

उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम पर स्वामित्व को प्राथमिकता देकर उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को मजबूती दी गई है। भाजपा अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं,बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब महिला सशक्त होगी तो परिवार,समाज और राष्ट्र भी सशक्त होगा। कार्यक्रम में विकास योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने का संकल्प दोहराया गया।

इस अवसर पर पूर्व महापौर सफीरा साहू, एमआईसी सदस्य सुरेश गुप्ता, रंजीत पांडे, पार्षद गिरजा गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष विक्रम, मीन साहू, शक्ति केंद्र प्रभारी योगेश मिश्रा, महामंत्री दिंगबर राव, संतोष बाजपेयी, मंत्री राजा यादव, किरण दीवान, रितेश सोनी, शंकर राव, नीलम यादव, देवश्री भंडारी, अजय पाल सिंह, राजेश साव, अमित मेहरा, पुष्पा तिवारी, रीना राय, प्रियंजलि दास, माला दास, प्राचीन तिवारी सहित वार्डवासी, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

